निदेशकों के अयोग्य न होने का प्रमाणपत्र

(सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 34(3) और अनुसूची V पैरा सी खंड (10) (i) के अनुसार)

सेवा में,
सदस्यगण
भारतीय स्टेट बैंक
स्टेट बैंक भवन
मैडम कामा रोड
मुंबई - 40002

हमने भारतीय स्टेट बैंक (जिसे कि आगे 'बैंक' कहा गया है) जिसका केंद्रीय कार्यालय स्टेट बैंक भवन, मैडम कामा रोड, मुंबई - 400021 में स्थित है, के निदेशकों से प्राप्त संबंधित रजिस्टरों, अभिलेखों, प्रपत्रों, विवरणियों और प्रकटीकरण की जांच की है, जिसे कि विनियमन 34(3) के अनुसार भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम 2015 के अनुसूची V पैरा सी उप खंड 10(i) के साथ पढ़े गए इस प्रमाण-पत्र को जारी करने के उद्देश्य से बैंक द्वारा हमारे समक्ष प्रस्तुत किया गया।

हमारे विचार से और हमें प्राप्त जानकारी के अनुसार तथा आवश्यकतानुसार सत्यापन (www.mca.gov.in पोर्टल पर निदेशक पहचान संख्या (डीआईएन) स्थिति सहित) तथा बैंक एवं उसके अधिकारियों द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार हम यह प्रमाणित करते हैं कि 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए नीचे उल्लिखित बैंक के केंद्रीय बोर्ड में शामिल निदेशकों में से किसी को भी भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड, कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय, या अन्य किसी सांविधिक प्राधिकरण द्वारा कंपनियों के निदेशक के रूप में नियुक्त या जारी रखने से रोकने के लिए या अयोग्य घोषित नहीं किया गया है।

क्रम	निदेशक का नाम	डीआईएन	बैंक में नियुक्ति की तारीख
1	श्री दिनेश कुमार खारा	06737041	09/08/2016
2	श्री चल्ला श्रीनिवासुलू शेट्टी	08335249	20/01/2020
3	श्री अश्वनी भाटिया	07423221	24/08/2020
4	श्री स्वामीनाथन जे	08516241	28/01/2021
5	श्री अश्विनी कुमार तिवारी	08797991	28/01/2021
6	श्री बी वेणुगोपाल	02638597	07/06/2018
7	डॉ गणेश जी नटराजन	00176393	26/06/2020
8	श्री केतन एस विकमसी	00282877	26/06/2020
9	श्री मृगांक एम परांजपे	02162026	26/06/2020
10	श्री संजीव माहेश्वरी	02431173	20/12/2019
11	श्री प्रफुल्ल पी छाजेड़	03544734	21/12/2021
12	श्री संजय मल्होत्रा	00992744	16/02/2022
13	श्री अनिल कुमार शर्मा	08537123	13/04/2021

केंद्रीय बोर्ड में प्रत्येक निदेशक की नियुक्ति/जारी रखने की पात्रता सुनिश्चित करना बैंक प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी जिम्मेदारी हमारे सत्यापन के आधार पर अपनी राय व्यक्त करना है। यह प्रमाण-पत्र न तो बैंक की भावी व्यवहार्यता के बारे में आश्वासन है और न ही प्रबंधन द्वारा बैंक के मामलों का संचालन करने की दक्षता या प्रभावशीलता से संबंधित है।

कृते **भंडारी एंड एसोसिएट्स**
कंपनी सचिव

एस एन भंडारी
भागीदार
एफसीएस नं : 761 ; सी पी नं.: 366
मुंबई : 13 मई 2022
आईसीएसआई यूडीआईएन : F000761D000313491